Need to extend benefit of central government schemes to give impetus to industrial development in Phulpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-laid

श्री प्रवीण पटेल **(फूलपुर) :** मैं माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री जी का ध्यान फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । हमारे क्षेत्र में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन उचित ढांचागत सुविधाओं के अभाव में इन संभावनाओं का लाभ नहीं उठाया जा रहा है । मैं निवेदन करता हूं कि फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में निम्नलिखित योजनाओं के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किए जाने पर विचार किया जाए: - (1) Industrial Corridor Development Programme (NICDP.) (2) Micro & Small Enterprises Cluster Development (MSE-CDP). (3) Modified Industrial Infrastructure Upgradation Scheme (MIIUS). (4) Special Economic Zones (SEZs) इन योजनाओं के माध्यम से फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा । अतः, मैं माननीय उद्योग मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किए जाने के प्रस्ताव पर विचार करें ।